हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live

वर्ष : 01 अंक–157 : जौनपुर, मंगलवार 21 फरवरी 2023 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## मुख्यमंत्री योगी व नेता प्रतिपक्ष ने दिवंगत सदस्यों को दी श्रद्धांजलि : कार्यवाही स्थगित

लखनऊ ब्यूरो : उत्तर प्रदेश विधानमंडल के बजट सत्र के दूसरे दिन वर्तमान विधानसभा के सदस्य राहुल प्रकाश कोल तथा केशरी नाथ त्रिपाठी समेत 15 पूर्व सदस्यों के निधन पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने शोक जताया। इसके बाद विधानसभा की कार्यवाही बुधवार को सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। गरीबों व वनवासी क्षेत्र के विकास के लिए प्रयत्नशील थे कोल सीएम योगी आदित्यनाथ ने बताया कि वर्तमान विधानसभा के सदस्य राहुल प्रकाश कोल का दो फरवरी 23 को 40 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे युवा राजनीतिज्ञ थे। कोल छात्र जीवन से ही राजनीति में सक्रिय रहे। वे 2017 व 2022 में सदन के सदस्य के रूप में निर्वाचित हुए। अत्यंत विनम, व्यवहारकुशल व समर्पित जननेता होने के साथ ही अपने विधानसभा क्षेत्र, गरीबों–वंचितों और वनवासी क्षेत्र के विकास के लिए सतत प्रयत्नशील रहे। सेवा भाव के कारण अपने क्षेत्र में अत्यंत ही लोकप्रिय जननेता के रूप में उभर रहे थे। राहुल कोल के निधन से प्रदेश ने युवा नेता व कुशल राजनीतिज्ञ को खो दिया है। उनका निधन समाज की अपूर्णनीय क्षति है। यूपी के साथ ही भारतीय राजनीति के लिए अपूर्णीय क्षति सीएम ने विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष व पूर्व राज्यपाल केशरी नाथ त्रिपाठी के निधन पर भी शोक जताया। 8 जनवरी 23 को 88 वर्ष की अवस्था में उनका निधन हो गया था। केशरी नाथ त्रिपाठी ने प्रारंभिक जीवन



की शुरुआत अधिवक्ता के रूप में की थी। वे 1977 में जनता पार्टी से झूंसी, 1989, 1991, 1993, 1996 व 2002 में भाजपा से प्रयागराज से विधानसभा सदस्य के रूप में निर्वाचित हुए। वे रामनरेश यादव मंत्रिमंडल के सदस्य भी रहे। 1991, 1997 व 2002 में तीन बार निर्विरोध विधानसभा अध्यक्ष बने। श्री त्रिपाठी जुलाई 2014 से जुलाई 2019 तक पश्चिम बंगाल के राज्यपाल रहे। इसके अलावा बिहार, मेघालय व मिजोरम के राज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया। वे इलाहाबाद उच्च न्यायालय में वरिष्ठ अधिवक्ता व बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रहे। उन्होंने अनेक काव्य संग्रह की रचना की। उन्हें हिंदी गरिमा सम्मान, आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी सम्मान, वागीश्वरी समेत अनेक सम्मान दिए गए। यूपी हिंदी संस्थान के कार्यकारी अध्यक्ष रहे। केशरी नाथ त्रिपाठी को उत्कृष्ट सेवा के लिए चाणक्य, भारत गौरव, यूपी रत्न, विकास पुरुष आदि कई उपाधियों से सम्मानित किया गया। उनका निधन यूपी के साथ भारतीय राजनीति के लिए अपूर्णीय क्षति है। 14 अन्य पूर्व सदस्यों के निधन पर सीएम ने श्रद्धासुमन अर्पित किया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व सदस्यों कौशांबी से रामचरण त्रिपाठी, वाराणसी से अमरनाथ यादव, बांदा से जगन्नाथ सिंह परमार, अलीगढ़ से त्रिलोकीराम, अयोध्या से मथुरा प्रसाद तिवारी, संभल से ब्रजपाल सिंह, कन्नौज से विजय बहादुर पाल, संभल से सत्यप्रकाश, प्रयागराज से विक्रमाजीत मौर्य, बाराबंकी से सुंदरलाल दीक्षित, कासगंज– जसबीर सिंह, अलीगढ़–संजीव राजा, कन्नौज–बनवारी लाल दोहरे, कानपुर देहात–रामस्वरूप सिंह के दिवंगत होने पर भी श्रद्धासुमन अर्पित किया।

## मां दक्षिणा काली मंदिर का स्थापना दिवस व श्रृंगार उत्सव विशाल भंडारे के साथ हुआ संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नगर के सिटी स्टेशन रेलवे क्रॉसिंग के निकट (फ्लाईओवर ब्रिज के नीचे) स्थित श्री मां आद्याशक्ति दक्षिणा काली मन्दिर का 39वां दिवसीय वार्षिक स्थापना दिवस एवं भव्य श्रंगारोत्सव रविवार को सायंकाल बड़े धूम–धाम से विशाल भण्डारे के साथ सम्पन्न हुआ। इस मौके पर मां काली का भव्य श्रंगार एवं मंदिर को फूल–मालाओं से सजाया गया। जिसमें मां का रुप अलौकिक दिखाई दे रहा था। मां काली के दर्शन हेतु सुबह से लेकर देर रात तक दर्शनार्थियों को ताता लगा रहा। सांय मन्दिर पर हवन पूजन एवं पूर्णाहूति में श्रद्धालुओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इस मौके पर मंदिर के प्रधान पुजारी भगवती सिंह वागीश ने प्रवचन के दौरान भक्तों को बताया कि काली कलयुग की अधिष्ठाती पराशक्ति है। मां भक्तों के दुर्भाग्य का विनाश कर सौभाग्य का उदय कर देती है। कलयुग में मां काली श्रृंगार पर दर्शन –पूजन करने से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती है। इस मंदिर की स्थापना सन् 1984 महाशिवरात्रि के दिन किया गया था। दक्षिणा काली मन्दिर पर आये हुये सैकड़ो लोगों ने भण्डारे में महाप्रसाद ग्रहण किया। सांयकाल भजन संध्या का शुभारम्भ मंदिर के पुजारी भगवती सिंह वागीश व पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष दिनेश टंडन ने सयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया और बैंक महाप्रबंधक विजेंद्र सिंह,बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर तेज सिंह व मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ उत्तम गुप्ता ने सभी गायक कलाकारों को चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया। भक्ति जागरण में पूर्वांचल के प्रसिद्ध देवी गीत गायक पंकज सिन्हा, गायिका शैली गगन ने मां काली की ''मुरतिया बढ़ा निक लागेला'' व गायक दीपक पाठक देव ने ''बम बम बोल रहा है काशी ''गीत गाकर लोगों को मन्त्रमुग्ध कर दिया।




गायक व अभिनेता जितेंद्र झा ने एक से एक देवी गाकर लोगों को थिरकने पर मजबूर कर दिया। गायक जुबेर खान ने चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है गीत गाकर लोगों को भाव विभोर कर दिया। देवी जागरण में जस्ट डान्स के डॉयरेक्टर कृष्ण पाण्डेय ने मां की एक से एक झांकी प्रस्तुत कर लोगों की वाह वाहि लुटी। गहना कोठी फर्म के विवेक सेठ मोनू व सिद्धविनायक ज्वेलर्स फर्म के सूरज सेठ द्वारा काली मंदिर पर आये हुए सभी श्रद्धालुओं को बुनिया प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर सपा नेता अजय त्रिपाठी, अरविंद बैंकर,डॉक्टर विपुल सिंह ईएनटी सर्जन डॉक्टर बृजेश कनौजिया ,नेत्र सर्जन डॉक्टर अजय पांडे, डॉ शैलेश सिंह, ऑर्थो सर्जन आलोक यादव, डॉ पी के सिंह, छात्र नेता यशवीर सिंह सोनू भगवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष अंजना सिंह, रमेश सिंह, दीपक श्रीवास्तव प्रदेश प्रवक्ता अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ,ओम प्रकाश जायसवाल विक्रम गुप्ता ,रामपाल विश्वकर्मा, राम अवतार यादव आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे। आए हुए सभी लोगों का स्वागत देवेश सिंह व सर्वेश सिंह सोनू ने किया और आभार पत्रकार वन्देश सिंह ने प्रकट किया।

## दीक्षांत समारोह की तैयारियों का जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने किया निरीक्षण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर में 26 वां दीक्षांत समारोह 23 फरवरी 2023 को पूर्वाहन 11.00 बजे माननीय कुलाधिपति / राज्यपाल, उत्तर प्रदेश श्रीमती



आनंदीबेन पटेल जी का प्रस्तावित आगमन/भ्रमण की तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्था का जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, पुलिस अधीक्षक डॉ० अजय पाल द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान हैलीपेड के आस पास की व्यवस्था को देखते हुए मुख्य राजस्व अधिकारी गणेश प्रसाद को निर्देशित किया कि स्वयं के देख–रेख में सुरक्षा, साफ–सफाई आदि व्यवस्था ससमय पूर्ण करायें।

## भूमंडलीकरण के दौर में अलग पहचान बनानी होगी –कुलपति

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में मंगलवार को दीक्षोत्सव के परिप्रेक्ष्य में एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसका विषय यूरोपियन कौशल विकास व्यवहार : शिक्षकों और छात्रों के लिए अवसर था। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि यूरोप इंडिया फाउंडेशन फार एक्सीलेंस (ई.आई.एफ. ई.) दिल्ली के मैनेजिंग डायरेक्टर रणवीर सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति केंद्रित रहना चाहिए। वर्तमान समय मे यूरोपीय देशों में नौकरी के अवसर अधिक है। उन्होंने कहा कि आज के समय में यूरोप में 50 लाख नौकरियां हास्पीटलिटी से संबंधित है। इसे पाने के लिए विद्यार्थियों को अपनी मातृभाषा के साथ–साथ वहां की स्थानीय भाषा का ज्ञान जरूरी है। उन्होंने कहा कि अगर फार्मेसी के क्षेत्र में छात्र आगे बढ़ना चाहते है तो यूरोपीय देशों में उनके लिये अधिक अवसर है। इस दौरान ई. आई. एफ. ई. और पूर्वांचल विश्वविद्यालय के मध्य एक समझौता हस्ताक्षर हुआ। विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति ई. आई. एफ. ई. की ओर से संस्था के मैनेजिंग डायरेक्टर ने हस्ताक्षर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि इस तरह के समझौते आगे बढ़ाने के लिए कोशिश होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भूमंडलीकरण के दौर में यदि हम खुद को सबसे अलग नही बनाएंगे तो हमारी अलग पहचान नही हो पाएगी। इस समझौते से दोनों संस्थाओं के शिक्षक और विद्यार्थियों को कौशल विकास के क्षेत्र में लाभ होगा। संचालन डॉ मनोज कुमार पांडे ने किया। अतिथियों का स्वागत और धन्यवाद ज्ञापन प्रोफेसर अविनाश पाथर्डीकर ने किया। अतिथियों का परिचय डॉ आशुतोष सिंह ने दिया। इस मौके पर परीक्षा नियंत्रक बी. एन. सिंह, प्रो. बीबी तिवारी, प्रो. वंदना राय, प्रो. अजय द्विवेदी, प्रो. देवराज सिंह, प्रो. रजनीश भाष्कर, डॉ मनोज मिश्र, डॉ गिरिधर मिश्र, डॉ राजकुमार सहायक कुलसचिव अजीत सिंह, डॉ प्रमोद कुमार विश्वकर्मा, डॉ रामांशु, प्रो. प्रदीप कुमार, आदि मौजूद रहे।

## वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर(उ0प्र0)

Email:connectpureregistrar@gmail.com
Fax.(05452) 252344.252244
Web.www.vbspu.ac.in

पत्रांक 9697 / सामा0प्रशा0 / 2023 दिनांकः 20.02.2023

### प्रेस विज्ञप्ति

### 26वां दीक्षान्त समारोह, 23 फरवरी, 2023

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय का **26वां दीक्षान्त समारोह दिनांक–23 फरवरी, 2023** को विश्वविद्यालय के महन्त अवैद्यनाथ संगोष्ठी भवन में पूर्वाह्न 11:00 बजे से आयोजित होना सुनिश्चित हुआ है। श्रीमती आनन्दीबेन पटेल, एवं श्री राज्यपाल उत्तर प्रदेश समारोह की अध्यक्षता करेंगी। प्रो0 गिरीश्वर मिश्र, पूर्व कुलपति, महात्मा गाँधी अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय, वर्धा महाराष्ट्र समारोह के मुख्य अतिथि होंगे।

विश्वविद्यालय के समस्त सम्मानित आचार्य, उपाचार्य, प्राध्यापक, परिषदों के सम्मानित सदस्य, पदाधिकारियों एवं सम्बन्धित जनों को सूचित किया जाता है कि आप सभी दिनांक–23.02.2023 को पूर्वाह्न 11:00 बजे विश्वविद्यालय के 26वें दीक्षान्त समारोह के अवसर पर सादर आमंत्रित है। निमंत्रण पत्र अलग से प्रेषित किये गये हैं। पी0एच0डी0 उपाधि धारक तथा सर्वोच्च अंक प्राप्त करनें वाले गोल्ड मेडल धारकों को पत्र के माध्यम से सूचित किया जा रहा है। समस्त को निमंत्रण पत्र/सूचना पत्र साथ में लाना अनिवार्य है।

कुलसचिव

### पाठक बन्धुओं से अनुरोध

आप सभी से अनुरोध है कि ऑनलाइन समाचार पत्र पढ़नें हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट **www.Desh ki upasana.com** का अधिक अधिक उपयोग करें–तथा हमारें यू–ट्यूब चैनल / पोर्टल - **dku live** सत्य एवं प्रमाणिक खबरों के लिए Like&Subscribe जरूर कीजिए।

–संपादक

## छोटी बीमारी को भी खतरनाक बना सकती है सेप्टीसीमिया –प्रो. गोपालनाथ

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के माइक्रोबायोलॉजी विभाग के तत्वावधान में सेप्टीसीमिया एवं बैक्टीरियोफेज थेरेपी विषयक व्याख्यान का आयोजन किया गया।






बतौर मुख्य वक्ता काशी हिंदू विश्वविद्यालय के प्रोफेसर गोपालनाथ ने कहा कि एंटीबायोटिक के प्रति विभिन्न रोगों के कारकों में प्रतिरोध के कारण छोटी सी बीमारी भी खतरनाक साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में हम पुनः 1940 के प्री एंटीबायोटिक के दौर से गुजर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गंगा के पानी में पाए जाने वाले बैक्टीरियोफाज के कारण गंगा का पानी विभिन्न बीमारियों के जीवाणु को मारने में सक्षम है। उन्होंने बताया कि खान–पान का असर हमारे शरीर में संबंधित होने वाले जीवाणुओं पर पड़ता है। उनका मानना है कि सेप्टीसीमिया एक गंभीर रक्त प्रवाह संक्रमण है। इसे बैक्टीरिया या रक्त विषाक्तता के रूप में भी जाना जाता है। सेप्टिसीमिया तब होता है जब शरीर में कहीं और बैक्टीरिया संक्रमण फेफड़ों या त्वचा में होता है, जो रक्त में प्रवेश करता है। व्याख्यान का संचालन डॉ एस.पी. तिवारी एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रो. राजेश शर्मा ने किया। इस अवसर पर प्रो. वंदना राय, प्रो. राम नारायण,प्रो. प्रदीप कुमार, डॉ. मनीष कुमार गुप्ता, डॉ. ऋषि, डॉ. प्रभाकर, डॉ. ईशानी, डॉ. दिनेश, डॉ. अवधेश, डॉ. राजेश, डॉ. विजयशंकर, डॉ. विवेक सहित विभाग के छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

## श्री बाबूराम त्रिवेदी सरस्वती शिशु मन्दिर के बच्चों ने निकाली शिव बारात

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। श्री बाबूराम त्रिवेदी सरस्वती शिशु मन्दिर के बच्चो द्वारा शिव बरात निकाली गयी जो अल्लीपुर , फूलबेहटा, कोइलाहा आदि ग्रामो से होते हुये सकहा स्थित संकटहरण



मन्दिर पर भोलेनाथ के दर्शन कर समाप्त हुई। शिव बरात मे शिव परिवार के अतिरिक्त ब्रह्मा, बिण्णु, इन्द्र, आदि देवी देवताओ के रूप मे बच्चो ने उत्साहित पूर्वक सहभाग किया । इस अवसर पर प्रधानाचार्य रामसुमिर यादव ने कहा कि इस प्रकार सामूहिक कार्यक्रम बच्चो के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है यह बच्चो को अपना इष्ट जोड़ते तथा अपनी सनातन परम्परा की आत्मसात कर सबल बनाते है। विद्या मन्दिर की प्रधानाचार्य सुश्री मेघा गुप्ता ने कहा कि यह शिक्षेणत्तर कार्यक्रम के माध्यम से बच्चो की छुपी मेधा शक्ति और प्रतिभा को निखारने का काम करते हैं। इस अवसर जहा से भी यात्रा निकली ग्रामवासियो पुष्प बरसा कर स्वागत किया ।प्रमुख रूप से शिवानी, काजल,प्रज्ञा,बबली, अनूप ,,संजय आदि उपस्थित रहे।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

अपनें विचारों को नियंत्रित करना सीखें, नहीं तो वो आपको नियंत्रित करेंगे।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# क्यों झेल रही निराशा, स्वास्थ्य कार्यकर्ती आशा?

आशा कार्यकर्ता अपने निर्दिष्ट क्षेत्रों में घर–घर जाकर बुनियादी पोषण, स्वच्छता प्रथाओं और उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जागरूकता पैदा करते हैं। वे मुख्य रूप से यह सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं कि महिलाएं प्रसव पूर्व जांच कराती हैं, गर्भावस्था के दौरान पोषण बनाए रखती हैं, स्वास्थ्य सुविधा में प्रसव कराती हैं, और बच्चों के स्तनपान और पूरक पोषण पर जन्म के बाद का प्रशिक्षण प्रदान करती हैं। फिर भी आशा को श्रमिकों के रूप में मान्यता नहीं दी जाती है और इस प्रकार उन्हें प्रति माह 18,000 रुपये से कम मिलता है। वे भारत में सबसे सस्ते स्वास्थ्य सेवा प्रदाता हैं। प्रोत्साहन राशि की प्रतिपूर्ति में देरी से आशा कार्यकर्ताओं के आत्म–सम्मान को ठेस पहुंची है और इसका असर उनके सेवा वितरण पर पड़ा है। केवल सामुदायिक स्वास्थ्य देखभाल और संबंधित कार्यों पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय, उन पर सर्वेक्षणों और अन्य गैर–संबंधित कार्यों का बोझ डाला जाता है।

आशा कार्यकर्ता समुदाय के भीतर से स्वयंसेवी हैं जिन्हें जानकारी प्रदान करने और सरकार की विभिन्न स्वास्थ्य देखभाल योजनाओं के लाभों तक पहुँचने में लोगों की सहायता करने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। वे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, उप–केंद्रों और जिला अस्पतालों जैसी सुविधाओं के साथ उपेक्षित समुदायों को जोड़ने वाले पुल के रूप में कार्य करते हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन (एनआरएचएम) के तहत इन सामुदायिक स्वास्थ्य स्वयंसेवकों की भूमिका पहली बार 2005 में स्थापित की गई थी।

आशा मुख्य रूप से समुदाय के भीतर 25 से 45 वर्ष की आयु के बीच विवाहित, विधवा, या तलाकशुदा महिलाएं हैं। उनके पास अच्छा संचार और नेतृत्व कौशल होना चाहिए कार्यक्रम के दिशानिर्देशों के अनुसार कक्षा 8 तक औपचारिक शिक्षा के साथ साक्षर होना चाहिए। इसका उद्देश्य प्रत्येक 1,000 व्यक्तियों या पहाड़ी, आदिवासी या अन्य कम आबादी वाले क्षेत्रों में प्रति बस्ती के लिए एक आशा है। देश भर में लगभग 10.4 लाख आशा कार्यकर्ता हैं, जिनमें सबसे अधिक कार्यबल उच्च जनसंख्या वाले राज्यों – उत्तर प्रदेश (1.63 लाख), बिहार (89,437), और मध्य प्रदेश (77,531) में है। सितंबर 2019 से उपलब्ध नवीनतम राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के आंकड़ों के अनुसार, गोवा एकमात्र ऐसा राज्य है जहां ऐसा कोई कर्मचारी नहीं है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने देश के 10.4 लाख आशा (मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता) कार्यकर्ताओं को समुदाय को सरकार के स्वास्थ्य कार्यक्रमों से जोड़ने के उनके प्रयासों के लिए 'ग्लोबल हेल्थ लीडर्स' के रूप में मान्यता दी है। हालांकि यह प्रशंसनीय है, महिला स्वास्थ्य स्वयंसेवक उच्च पारिश्रमिक, नियमित नौकरी और यहां तक कि स्वास्थ्य लाभ के लिए संघर्ष करना जारी रखती हैं। जबकि कई राज्यों में रुक–रुक कर विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं, देश भर से हजारों आशा कार्यकर्ता अपनी मांगों के लिए लड़ने के लिए पिछले साल सितंबर में सड़कों पर उतरीं। आशा (मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता) कार्यकर्ताओं को 75वीं विश्व स्वास्थ्य सभा की पृष्ठभूमि में ग्लोबल हेल्थ लीडर्स अवार्ड–2022 प्राप्त हुआ है। उन्हें 2020 में टाइम पत्रिका द्वारा "गार्जियन ऑफ द ईयर" नामित किया गया था। आशा कार्यकर्ता अपने निर्दिष्ट क्षेत्रों में घर–घर जाकर बुनियादी पोषण, स्वच्छता प्रथाओं और उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जागरूकता पैदा करते हैं। वे मुख्य रूप से यह सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं कि महिलाएं प्रसव पूर्व जांच कराती हैं, गर्भावस्था के दौरान पोषण बनाए रखती हैं, स्वास्थ्य सुविधा में प्रसव कराती हैं, और बच्चों के स्तनपान और पूरक पोषण पर जन्म के बाद का प्रशिक्षण प्रदान करती हैं। वे महिलाओं को गर्भनिरोधक और यौन संचारित संक्रमणों के बारे में भी सलाह देते हैं। आशा कार्यकर्ताओं को यह सुनिश्चित करने और बच्चों को टीकाकरण के लिए प्रेरित करने का काम भी सौंपा गया है। मां और बच्चे की देखभाल के अलावा, आशा कार्यकर्ता राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत प्रत्यक्ष रूप से देखे गए उपचार के तहत टीबी रोगियों को रोजाना दवाइयां भी प्रदान करती हैं। उन्हें मौसम के दौरान मलेरिया जैसे संक्रमणों की जांच करने का काम भी सौंपा जाता है। वे अपने अधिकार क्षेत्र के तहत लोगों को बुनियादी दवाएं और उपचार भी प्रदान करते हैं जैसे मौखिक पुनर्जलीकरण समाधान, मलेरिया के लिए क्लोरोक्वीन, एनीमिया को रोकने के लिए आयरन फोलिक एसिड की गोलियां और गर्भनिरोधक गोलियां। स्वास्थ्य स्वयंसेवकों को उनके निर्दिष्ट क्षेत्रों में किसी भी जन्म या मृत्यु के बारे में उनके संबंधित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सूचित करने का काम भी सौंपा गया है। आशा कार्यकर्ता सरकार की महामारी प्रतिक्रिया का एक महत्वपूर्ण हिस्सा थीं, अधिकांश राज्यों ने कंटेनमेंट जोन में लोगों की स्क्रीनिंग के लिए नेटवर्क का उपयोग किया, उनका परीक्षण किया, और उन्हें क्वारंटाइन केंद्रों में ले गए या होम क्वारंटाइन में मदद की। उन्होंने घर–घर जाकर लोगों में कोविड–19 के लक्षणों की जांच की। जिन्हें बुखार या खांसी थी, उनका टेस्ट कराना था। उन्होंने अधिकारियों को सूचित किया और लोगों को संगरोध केंद्रों तक पहुंचने में मदद की। वे कोविड–19 के पुष्ट मामलों वाले घरों में गए और संगरोध प्रक्रिया के बारे में बताया। उन्होंने उन्हें दवाएं और पल्स–ऑक्सीमीटर मुहैया कराए। यह सब उनके रूटीन काम में सबसे ऊपर था। पिछले साल जनवरी में शुरू होने वाले कोविड–19 के लिए टीकाकरण अभियान के साथ, उन्हें लोगों को अपने शॉट्स लेने के लिए प्रेरित करने और कितने लोगों को अभी तक टीका नहीं लगवाया गया है, इस पर डेटा एकत्र करने का काम भी सौंपा गया है। आशा कार्यकर्ताओं द्वारा सामना की गई परेशानी देखे उनका कम और गैर–निश्चित वेतन होता है और न्यूनतम मजदूरी के अंतर्गत नहीं आता है। पूरे भारत में 10.4 लाख से अधिक आशा हैं। पिछले तीन वर्षों में, कम से कम 17 राज्यों की आशाओं ने निश्चित वेतन, उच्च प्रोत्साहन और पेंशन जैसी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में शामिल करने की मांग की है। आशा को श्रमिकों के रूप में मान्यता नहीं दी जाती है और इस प्रकार उन्हें प्रति माह 18,000 रुपये से कम मिलता है। वे भारत में सबसे सस्ते स्वास्थ्य सेवा प्रदाता हैं। आशा का कहना है कि वे आमतौर पर प्रसव पूर्व देखभाल (300 रुपये), संस्थागत प्रसव (300 रुपये), परिवार नियोजन (150 रुपये) और टीकाकरण दौर (100 रुपये) के माध्यम से कमाती हैं क्योंकि अन्य बीमारियों के मामले बहुत कम हैं। उन्हें एनआरएचएम फंड से भुगतान किया जाता है जिसके लिए उन्हें लंबे समय तक इंतजार करना पड़ता है। इस योजना में कोई समर्पित बजटीय आवंटन नहीं है और एनआरएचएम के तहत विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे कि राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम से तदर्थ आधार पर धन की व्यवस्था की जाती है। प्रोत्साहन राशि की प्रतिपूर्ति में देरी से आशा कार्यकर्ताओं के आत्म–सम्मान को ठेस पहुंची है और इसका असर उनके सेवा वितरण पर पड़ा है। केवल सामुदायिक स्वास्थ्य देखभाल और संबंधित कार्यों पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय, उन पर सर्वेक्षणों और अन्य गैर–संबंधित कार्यों का बोझ डाला जाता है। वर्ष 2010 में महिला अधिकारिता पर एक संसदीय समिति ने आशाओं के लिए निश्चित वेतन की सिफारिश की थी। आशाओं के लिए एक समर्पित कोष होना चाहिए, जो प्रोत्साहन राशि का समय पर भुगतान सुनिश्चित करेगा और स्वयंसेवकों का मनोबल बढ़ाएगा। उनका कौशल उन्नयन योजना का अभिन्न अंग होना चाहिए। स्वयंसेवकों को सहायक नर्स मिड–वाइफ / सामान्य नर्सिंग और मिडवाइफरी पर अल्पकालिक पाठ्यक्रम लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। इससे न केवल स्वयंसेवकों को बेहतर प्रोत्साहन प्राप्त करने में मदद मिलेगी, बल्कि यह भी सुनिश्चित होगा कि दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की बेहतर स्वास्थ्य पहुंच हो। वर्तमान में, 11 राज्यों के नर्सिंग स्कूल सहायक नर्स मिड–वाइफ और सामान्य नर्सिंग पाठ्यक्रमों के लिए आशा को वरीयता देते हैं।

हाल के दिनों में केंद्र ने आशा कार्यकर्ताओं को बीमा कवर प्रदान किया है और उनके मानदेय में वृद्धि की है। इसे संस्थागत रूप दिया जाना चाहिए, ताकि अधिक से अधिक सामुदायिक कार्यकर्ता आगे आकर अपनी जिम्मेदारी को प्रभावी ढंग से निभा सकें।

लेखिका –प्रियंका सौरभ

## उद्घाटन मैच में अगस्त क्लब ने पीकेसी को 6 विकेट से हराया

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। उन्नाव जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित पंडित दीनदयाल स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रही स्वर्गीय श्याम प्रकाश श्रीवास्तव अंडर 25 जनपदीय क्रिकेट लीग के अंतर्गत खेले गए उद्घाटन मैच में अगस्त क्लब ने पी के सी को 6 विकेट से हराकर पूर्ण अंक प्राप्त किए निर्धारित 35 ओवर के मैच में अगस्त क्लब के कप्तान रोहित ने टॉस जीतकर पी के सी को प्रथम बल्लेबाजी करने के लिए आमंत्रित किया जिसमें प्रथम बल्लेबाजी करते हुए 33.5 ओवर में सभी विकेट खोकर 166 रन बनाए जिस में सर्वाधिक सिद्धार्थ सिंह ने 60 रनों की सजी हुई पारी खेली जिसमें कि 4 चौके और एक छक्का शामिल था इसके अलावा ध्रुवन और गुरवीर ने 23 और 20 रनों का योगदान दिया। अगस्त क्लब की ओर से संदीप व प्रत्यूष ने शानदार गेंदबाजी करते हुए क्रमसा तीन तीन विकेट प्राप्त किए रोहित व स्पर्श ने दो–दो विकेट लिए अगस्त क्लब को मैच जीतने के लिए 167 रनों का लक्ष्य प्राप्त हुआ जवाब में बैटिंग करने उतरी अगस्त अगस्त क्लब ने यह मैच आसानी से 6 विकेट से जीत लिया जिसमें प्रणब द्विवेदी ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए 76 रन बनाएं जिसमें 13 चौके शामिल है निर्भय ने 44 रन बनाए जिसमें कि 4 चौके और 3 छक्के शामिल हैं पीकेसी



की ओर से ऋषभ यादव ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट प्राप्त किए गुरवीर ने एक विकेट लिया। मैच के पूर्व उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अरविंद कुमार श्रीवास्तव कमल ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। मुख्य रूप से पी के मिश्र, राजेन्द्र त्रिपाठी, ए आर खान, डॉ एस पी सिंह, संजय श्रीवास्तव, नवीन सिन्हा, शंकर श्रीवास्तव, डॉ वीके सिंह, ओम मिश्रा, सभासद बृजेश पांडे, जीतेंद्र दीक्षित, ऋषभ पांडे, सुनील पटेल, विकास सिन्हा, मंसूर खान, मनीष दीक्षित, अभिनव त्रिपाठी, प्रत्यूष मिश्रा,आदि लोग ने मैच के दौरान रोमांचक मैच का आनंद लिया। कार्यक्रम का संचालन व आभार प्रतियोगिता मंत्री राजेंद्र कुमार त्रिपाठी जी एवं सचिव पीके मिश्रा ने किया।

## स्टडी हॉल कानपुर रोड ब्रांच का पहला वार्षिकोत्सव आयोजित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊः स्टडी हॉल कानपुर रोड ब्रांच ने 17 फरवरी को ''द सोल ऑफ इंडिया'' थीम के साथ अपना पहला वार्षिकोत्सव का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों और अभिभावकों को उनके संवैधानिक अधिकारों को लेकर जागरूक करके उन्हें सक्रिय लोकतांत्रिक नागरिक बनने में मदद करना था। स्टडी हॉल कानपुर रोड स्कूल स्टडी हॉल एजुकेशनल फाउंडेशन (शेफ) द्वारा 2021 में स्थापित किया गया था। कार्यक्रम की शुरुआत स्टडी हॉल स्कूल के बच्चों के द्वारा मंगलम गीत के साथ हुयी। स्कूल की प्रधानाध्यापिका सुपर्णा चटर्जी ने अभिभावकों से स्वागत करते हुये कहा की "भारत की विविधता व् समावेशिता को प्रदर्शित करके और बच्चों को उनके संवैधानिक अधिकारों को लेकर जागरूक करके उन्हें सक्रिय लोकतांत्रिक नागरिक बनने में मदद करना होगा।" शेफ की संस्थापिका डॉ.उर्वशी साहनी ने भी श्रोताओं को संबोधित करते हुए सक्रिय लोकतांत्रिक नागरिक बनने के लिए बच्चों को शिक्षित करने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा की "हमें शिक्षा केवल शिक्षाविदों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए बल्कि एक लोकतांत्रिक समाज में फलने–फूलने के लिए भी देनी होगी।" कार्यक्रम




की समावेशिता ने संगीत कार्यक्रम को अनूठा बना दिया, जिसमें 3 वर्ष से अधिक उम्र के प्रत्येक बच्चे ने भाग लिया। संगीत कार्यक्रम में प्लेग्रुप और नर्सरी के बच्चों ने तुकबंदी पर प्रदर्शन किया। लोवर केजी के बच्चों ने फोनेटिक्स पर और कक्षा 6, 7 और 8 के बच्चों ने रुडयार्ड किपलिंग की कविता ''इफ'' का पाठ किया। अपर केजी के बच्चों ने गोवा के लोकगीत संगीत पर मनमोहक नृत्य किया और कक्षा 2, 4 और 5 के बच्चों ने मशहूर गीत बिलीवर्स पर नृत्य भी पेश किया। अभिभावकों ने ऊर्जावान प्रदर्शनों का पूरी तरह से आनंद लिया और बच्चों और शिक्षकों के प्रयासों, कड़ी मेहनत और समर्पण की सराहना की।

## लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने किया गर्मजोशी से साइकिल यात्रा टर्बनेटरस टीम का स्वागत

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। दिल्ली से चलकर पटना साहिब तक की साइकिल यात्रा करने वाली टर्बनेटरस की टीम का लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पदाधिकारियों ने श्री गुरु सिंह सभा ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री गुरु नानक देव जी नाका हिण्डोला में बोले सो निहाल के जैकारों और गले में फूलों के हार डाल कर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। टीम के कार्यकर्ता स0 जगदीप सिंह ने बताया कि दिल्ली से आरम्भ हुई यह साइकिल यात्रा 200 किलोमीटर प्रतिदिन करके अपने धर्म ,संस्कृति ,स्वरूप और सेहत की संभाल करने का संदेश लेकर यात्रा साइकिल लखनऊ पहुँची है। लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी अध्यक्ष स0 राजेंद्र सिंह बग्गा ने स्वागत करते हुए कहा कि नई पीढ़ी और नौजवानों में जागरूकता फैलाने का यह सराहनीय प्रयास है और इसका हम लोग पुरजोर समर्थन और सहयोग करेंगे आज हमारी युवा पीढ़ी स्वास्थय के प्रति लापरवाह एवं संस्कृति के प्रति जागरुक नहीं है। ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री गुरु नानक देव जी नाका हिण्डोला के दरबार हाल में टर्बनेटरस साइकिल टीम का स्वागत किया गया और टीम के सभी सदस्यों को अध्यक्ष सरदार राजेंद्र सिंह बग्गा महामंत्री हरपाल सिंह जग्गी, प्रवक्ता सतपाल सिंह मीत, हरमिंदर सिंह टीटू,



कुलदीप सिंह सलूजा इंदरजीत सिंह खालसा, राजवंत सिंह बग्गा और प्रबंधक कमेटी के सदस्यों ने सम्मान स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया और उनको हर संभव सहायता करने का आश्वासन दिया। रात को गुरुद्वारा नाका हिंडोला में विश्राम करने के बाद प्रातः 5.00 बजे गुरु चरणों में अरदास के बाद संगत ने जयकारों की गूंज के बीच में साइकिल यात्री टर्बनेटरस टीम को विदा किया और उनकी सफल यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी।

## 22 फरवरी 2023 को विकास खण्ड बक्शा में रोजगार मेला का होगा आयोजन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : निदेशक, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन उ0प्र0 के निर्देश के क्रम में जिला सेवायोजन कार्यालय एवं कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वाधान में 22 फरवरी 2023 को प्रातः 10:00 बजे विकास खण्ड बक्शा परिसर जौनपुर में रोजगार मेला का आयोजन किया गया है। जिसमें 07 कम्पनियों के द्वारा हाईस्कूल, इण्टर, आई0टी0आई0 एवं स्नातक उत्तीर्ण 500 बेरोजगार अभ्यर्थियों को निजी क्षेत्र की कम्पनियों में सेवायोजित कराये जाने हेतु रोजगार मेला का कैम्पस सलेक्शन किया जायेंगा। जिसमें अभ्यर्थी प्रतिभाग करते हुए साक्षात्कार के माध्यम से योग्यतानुसार विभिन्न पदों पर रोजगार प्राप्त करें। जिला सेवायोजन अधिकारी राजीव कुमार सिंह एवं सहायक सेवायोजन अधिकारी शशिकांत सरोज ने बताया कि रोजगार मेला में सम्मिलित होने के लिए अभ्यर्थियों को अपने साथ समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों की छायाप्रति आई0डी प्रूफ सहित प्रतिभाग कर सकते, एवं वेब पोर्टल– www.sewayojan.up.nic.in के माध्यम से भी जनपद के अभ्यर्थियों को अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करने की अपील की है।

## वार्षिकोत्सव समारोह में तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा परिसर


हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : दक्ष इंटरनेशनल स्कूल में दिव्य व भव्य वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित कर की गई ।गणेश वंदना व सरस्वती वंदना नृत्य गीत प्रस्तुत कर छात्रों ने सभी का मन मोह लिया। विशिष्ट अतिथि मनीष कुमार नायब तहसीलदार शाहाबाद व शुरेश कुमार मिश्र इंस्पेक्टर शाहाबाद को बुके व अंगवस्त्र देकर चेयरमैन सर ने स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे कोआर्डिनेटर आशीष शुक्ल व आफरीन अंसारी ने इसी कड़ी में अनेक सांस्कृतिक नाटकों की शानदार प्रस्तुति करवायी। ।द फुटप्रिंट्स थीम पर आधारित सम्पूर्ण कार्यक्रम में बच्चों ने गीत,राजस्थानी लोक नृत्य,कब्बाली व भगतसिंह ड्रामा का प्रदर्शन कर समाज को एक नया संदेश प्रदान किया ।जोकि डा.एपीजे अब्दुल कलाम के पदचिन्हों पर चलने का आवाहन करती है। वहीं विद्यालय में अवार्ड वितरण कार्यक्रम के तहत स्कूल द्वारा 9 क्षेत्रों में विशेष सहभागिता करने वाले छात्रों को ब्लाक प्रमुख त्रिपुरेश मिश्र व लालाराम राजपूत व विशिष्ट अतिथियों के द्वारा आल राउंडर अवार्ड, टेक्नो सेवी अवार्ड, कल्चरल एक्टिविटी अवार्ड, साइंटिफिक स्किल अवार्ड आदि प्रदान किए गए वहीं




ऐनुअल हाउस अवार्ड चार क्षेत्रों में कल्चरल एक्टिविटी अवार्ड ,स्पोर्ट्स अवार्ड, एकेडमिक अवार्ड व जनरल चौंपियनशिप अवार्ड तथा बेस्ट टीचर अवार्ड भी प्रदान किया गया ।अभिभावकों ने बच्चों की प्रस्तुति को वेहतर बताते हुए विद्यालय के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रधानाचार्या श्रीमती साधना मिश्रा ने विद्यालय की उपलब्धियों को बताते हुए छात्रों के द्वारा किए गए प्रदर्शन की सराहना की। इस अवसर पर निदेशक महोदय आदरणीय प्रदीप कुमार जी ने सभी का आभार व्यक्त किया। उक्त कार्यक्रम में अजय सर,पंकज सर, मिर्जा तौकीर बेग व दक्ष इंटरनेशनल स्कूल अल्हागंज तथा शाहाबाद का समस्त शैक्षणिक स्टाफ व गैर शैक्षणिक स्टाफ मौजूद रहा।

## उप्र की विधानसभा में पत्रकारों के साथ धक्का मुक्की निंदनीय –रीतेश मिश्रा

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : उप्र की विधानसभा में आज बजट सत्र के दौरान जिस तरह से बाउंसरों द्वारा पत्रकारों को समाचार कवरेज से रोककर धक्का मुक्की की गयी कुछ पत्रकारों को पीटने की भी खबर आ रही है ।इस घटना से समूचे उत्तर प्रदेश के पत्रकारों में रोष व्याप्त हो गया है ।इस घटना की पत्रकारों ने घोर निन्दा की है ।उप्र श्रमजीवी पत्रकार यूनियन ( पंजी) की हरदोई यूनिट के जिलाध्यक्ष रीतेश मिश्रा ने इस घटना की घोर निन्दा करते हुए कहा है कि विधानसभा के अंदर पत्रकारों के साथ अभद्रता लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ पर हमला है। जिसे किसी भी रूप में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। यह घटना इंगित करती है कि उप्र में पत्रकार सुरक्षित नहीं है। उन्होंने कहा कि विधानसभा जहां विधानसभा अध्यक्ष, मुख्यमंत्री व सभी विधायकों की उपस्थिति में कानून बनाया जाता है उसी विधानसभा में संविधान की धज्जियां उड़ाई गयी। क्या यही रामराज्य है। घटना पर रोष व्यक्त करते हुए जिला महासचिव



ओमदेव दीक्षित (पप्पू) ने कहा कि विधानसभा में पत्रकारों के साथ घटित घटना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। श्री दीक्षित ने राष्ट्रपति से मांग करते हुये कहा है कि देश में तत्काल पत्रकार सुरक्षा कानून लागू किया जाये जिससे लोकतंत्र का चौथा स्तंभ धराशाई होने से बच सके। उन्होंने कहा कि यूनियन लगातार पत्रकार सुरक्षा कानून की मांग करती चली आ रही है।

## महाशिवरात्रि पर रुद्राभिषेक हवन व शिव बारात निकाली

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। इंदिरा नगर मोहल्ले के बी ब्लॉक में स्थित श्रीसिद्धेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर दीक्षित परिवार की अगुवाई में रुद्राभिषेक व शिवलिंग श्रंगार का आयोजन किया गया। पं. राम नरेश मिश्र ' शास्त्री जी ' ने सस्वर मंत्रोच्चारण कर दुग्धा व गंगाजल से रुद्राभिषेक कराया। हवन – पूजन के बाद देर रात सैकड़ों महिलाओं व बच्चों ने शिव बारात निकाली गयी और शिव विवाह की रस्म निभाई। भक्तिमय माहौल में ठंडई पीकर भोलेनाथ के विवाह गीतों पर महिलाओं ने खूब नृत्य किया ।महाशिवरात्रि पर मंदिर को फूलों से सजाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शाम को रुद्राभिषेक से हुआ। मुख्य यजमान नरेश – नीलम दीक्षित के साथ विजय लक्ष्मी दीक्षित, एस. डी. दीक्षित, आशीष – सीमा दीक्षित, संतोष शुक्ला आदि भक्तजनों ने ध नमः शिवाय जाप करते हुए रुद्राभिषेक किया। शिव भक्त प्रदीप – रंजना दूबे, मीनू गुप्ता, उमा त्रिपाठी, पूजा जसवानी, बेबी पाण्डेय, नीलम मिश्रा व नीलम वर्मा ने भी शिवलिंग पर दूध व गंगाजल से रुद्राभिषेक किया. बाद में शास्त्री जी ने विधिवत हवन – पूजन कराया ।शिव बारात में पीहू तिवारी ने शंकर जी व अनुष्का सिंह ने



गौरा जी की भूमिका निभाई। मोहल्लेभर में निकाली गयी बारात में खूब आतिशबाजी छुड़ाई गयी और गोले दागे गये। महिलाओं ने भक्ति गीतों पर जमकर नृत्य किया और बम बम भोले का जयघोष किया। संगीतमय कार्यक्रम में सर्वश्री लक्ष्मीधर त्रिपाठी, शिवानंद त्रिपाठी, अरुण – प्रियंवदा मिश्रा, संदीप – लकी सिंह, सीमा दीक्षित, सरिता श्रीवास्तव, शशि गुप्ता, मृदुला गुप्ता, शर्मिला गुप्ता, मिथिलेश तिवारी, सीमा, सुषमा, शिवानी चौहान, बबली, प्राची, किरण तिवारी, पूजा शर्मा, बिट्टू, नीशू, नीलम तिवारी, सुमन, अर्चना व विवेक शुक्ल आदि भक्तजन मौजूद रहे।

## एसएन शुक्ला बने पं रविशंकर शुक्ल विवि के कुलपति : शुभचिंतकों में दिखी खुशी की लहर

अयोध्या ।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या के डिपार्टमेन्ट ऑफ फिजिक्स इलेक्ट्रॉनिक्स के प्रोफेसर सच्चिदानंद शुक्ला.पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के कुलपति बनाए गए। इससे पहले राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति मनोज दीक्षित ने उन्हें अवध विश्वविद्यालय में अगले आदेश तक प्रति कुलपति पद पर भी रह चुके हैं ।वही इसी कड़ी में वे राम मनोहर लोहिया अवधा विश्वविद्यालय में विभागाध्यक्ष,क्रीड़ा परिषद के अध्यक्ष के साथ साथ पहले वे कार्यवाहक कुलसचिव पद के दायित्व का भी निर्वहन कर



चुके हैं। फिलहाल उनको कुलपति बनाये जाने की खबर मिलते ही उनके शुभचिंतको में खुशी की लहर दौड़ पड़ी।

# अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान में 04 वांछित व 01 वारंटी अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जनपद की कानून एवं व्यवस्था बनाये रखने एवं अपराधा/अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु डा0 अजय पाल शर्मा, पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा बीती रात्रि वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान चलाया गया, जिसके अन्तर्गत कुल 04 वांछित व 01 वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। जिसका थानावार विवरण निम्न है–

1.थाना केराकत पुलिस टीम द्वारा चोरी के मु0अ0सं0 54/23 धारा 379/411 भादवि में वांछित अभियुक्ता 1. रीना उर्फ संजू पत्नी शोबिन निवासी बीबीपुर सुल्तानीपुर थाना चिराईयाकोट जनपद मऊ उम्र 40 वर्ष 2. सीमा पत्नी मनोज निवासी औसतपुर हीरापुर सुल्तानीपुर थाना चिरईयाकोट जनपद मऊ 32 वर्ष को आज दिनांक 20.02.2023 को समय करीब 11.30 बजे 02 पीली धातु चौन के टुकडे के साथ गिरफ्तार कर चालान माननीय न्यायालय किया गया ।

2.थाना सिकरारा पुलिस टीम द्वारा हत्या के प्रयास के मु0अ0सं0 35/2023 धारा 307 भादवि थाना सिकरारा जनपद जौनपुर का सफल अनावरण करते हुए अभियोग से सम्बन्धित घटना में सम्मिलित / प्रकाश में आये वांछित अभियुक्त शशिकान्त मिश्रा पुत्र सूर्य प्रकाश मिश्रा निवासी ग्राम गोनापार थाना सिकरारा जनपद जौनपुर को गिरफ्तार किया गया।

3.थाना चन्दवक पुलिस टीम द्वारा एक वांछित अभियुक्त ओमप्रकाश विश्वकर्मा पुत्र दातादीन निवासी रामदेवपुर थाना चन्दवक जनपद




जौनपुर सम्बन्धित मु0अ0सं0 34/23 धारा 153ए/295ए/298/504/509 भादवि व 67 प्ज् ।ब्ज थाना चन्दवक जौनपुर को आज सुबह रेलवे क्रासिंग डोभी से गिरफ्तार किया गया।

4.थाना बरसठी पुलिस टीम ने एक वारंटी अभियुक्त गुलाब यादव पुत्र सत्यनारायण यादव निवासी पपरावन थाना बरसठी जनपद जौनपुर सम्बन्धित मु0नं0 657/20 धारा 147/323/504/308 भादवि को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही उपरान्त सम्बन्धित न्यायालय भेजा गया।

# अजय राय पर दर्ज हुए मुकदमे को लेकर कांग्रेसी हुए लामबंद : प्रदर्शन कर सौपा ज्ञापन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय पर दर्ज कराए गए फर्जी मुकदमों के विरोध में कांग्रेसी हुए लामबंद शहर अध्यक्ष एडवोकेट विशाल सिंह हुकुम के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया और ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय पर वाराणसी एयरपोर्ट अथॉरिटी के निदेशक द्वारा दर्ज कराए गए फर्जी मुकदमे के विरोध में आज जिले के कांग्रेसी लामबंद होकर कलेक्ट्री स्थित जिलाधिकारी कार्यालय के सामने पहुंचे और मुकदमे तत्काल निरस्त करने की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए।प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया आक्रोशित कांग्रेसियों ने वर्तमान भाजपा सरकार और प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी की इस अवसर पर शहर अध्यक्ष विशाल सिंह हुकुम ने कहा कि विगत दिनों प्रयागराज एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पहुंच रहे कांग्रेस के माननीय पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी जी के विमान को वाराणसी एयरपोर्ट पर निरस्त कर दिया गया एवं शासन के दबाव में एयरपोर्ट निदेशक की तहरीर पर कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष माननीय अजय राय जी के ऊपर फर्जी मुकदमे दर्ज करा दिए गए! कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष पर लगाए गए मुकदमे राजनीतिक दुर्भावना



से प्रेरित एवं पूर्णतया निराधार है! इस अवसर पर तिलकधारी निषाद जी, राकेश उपाध्याय जी, धर्मेंद्र निषाद सुरेंद्र वीर विक्रम सिंह जी, अनिल दुबे आजाद, राकेश सिंह डब्बू, मुफ्ती हाशिम मेहंदी, राकेश मिश्रा, राजकुमार निषाद, नीरज राय इश्तियाक अहमद राजकुमार गुप्ता अमित मिश्रा संदीप सोनकर अजय सोनकर रमेश चंद्र पाल सुनील यादव संदीप निषाद अमन सिन्हा आदिल प्रवीण सिंह पिंटू फरहान जिलानी रोहित पांडे गौरव मौर्या आजम जैदी रिजवान अब्बास रिकी मुमताज अली अंसारी सब्बल इकबाल आदि लोग उपस्थित रहे।

# ममता चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा जनता को निरोग करने के लिए भव्य स्वास्थ्य मेले का किया गया आयोजन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। ममता का पर्याय और नर सेवा नारायण सेवा को अपना उद्देश्य मानकर दिन रात असहायों और गरीबों की सेवा करने वाली ममता चैरिटेबल ट्रस्ट जनता को निरोग करने के लिए आज एक भव्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन करहेटा में किया जिसका शुभारंभ स्वतंत्रदेव सिंह मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार, पूर्व विधायक सुरेश तिवारी एवं राजीव मिश्रा मुख्य ट्रस्टी ममता चैरिटेबल ट्रस्ट के कर कमलों द्वारा किया गया। सभी चिकित्सकों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पधारे सभी मीडिया कर्मियों का भी सम्मान किया गयास स्वास्थ्य मेले में 2465 लोगों ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाया। मेले में केजीएमसी, पीजीआई एवं बलरामपुर के विख्यात चिकित्सकों द्वारा जनता का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं उन्हें 15 दिन की निःशुल्क औषधि वितरित की गई। स्वास्थ्य मेले में स्त्री रोग विशेषज्ञ ने महिलाओं के स्वास्थ्य हेतु एक संगोष्ठी की जिसमे महिलाओं में गर्भाशय में होने वाले कैंसर,ब्रेस्ट कैंसर से बचाव और उपचार, महिलाओं में 5 साल में एक बार जांच आदि को



जरूरी बताया स्वास्थ्य मेले में सर्जरी विभाग के डॉक्टर, त्वचा रोग विशेषज्ञ, बाल रोग विशेषज्ञ, चिकित्सा विभाग के विशेषज्ञ आदि ने जनता का स्वास्थ्य परीक्षण किया। मेले में 10 विकलांगों को ट्राई साइकिल,10 बैसाखी एवं महिलाओं को 855 किट,655 टूथपेस्ट एवं ब्रश वितरित की गई एवं 700 लोगों की जांच की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आयोजक गणेश कनौजिया, मुख्य संरक्षक विपिन मिश्रा,उमाशंकर गौरव पांडे, अंकित, शिवम तुषार मुख्य रूप से उपस्थित रहे यह जानकारी ममता चैरिटेबल ट्रस्ट के मीडिया प्रभारी देवाशीष देव द्वारा दी गई।

# हैण्डबाल प्रतियोगिता का 24 फरवरी को इन्दिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम सिद्दीकपुर जौनपुर में होगा आयोजन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्रीड़ा अधिकारी डॉ0 अतुल सिन्हा ने अवगत कराया है कि खेल निदेशालय उ0प्र0, लखनऊ के निर्देश के अनुपालन में पं0 दीनदयाल उपाध्याय जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर जूनियर बालक/बालिका एथलेटिक्स एवं जूनियर बालक हैण्डबाल प्रतियोगिता का आयोजन इन्दिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम सिद्दीकपुर, जौनपुर में 24 फरवरी 2023 को कराया जा रहा है।एथलेटिक्स बालक/बालिका जूनियर वर्ग में 100 मी0, 200 मी0, 400 मी0, 800मी0, 1500 मी0, 3000 मी0,, लांग जम्प, शाटपुट, डिसकश तथा जैवलिन थ्रो इवेन्ट आयोजित किये जायेंगे। एथलेटिक्स के खिलाड़ी अपनी इन्ट्री इन्दिरा गांधी स्टेडियम, जौनपुर में कृष्ण कुमार यादव, पूर्व चौम्पियन एथलीट तथा हैण्डबाल में कुल 08 टीमों की इन्ट्री कन्हैया सिंह यादव, अंशकालिक मानदेय प्रशिक्षक पहले आओ–पहले पाओ के आधार पर ली जायेगी तथा दोनो खेलों की इन्ट्री 23 फरवरी 2023 को अपरान्ह 5.00 बजे तक ली जायेगी। सभी खिलाड़ी अपने साथ अपना आधार कार्ड एवं अपना खाता सं0 के लिए पासबुक की छायाप्रतियां अवश्य लेकर आयेंगे क्योकि पुरस्कार की राशि सम्बन्धित खिलाड़ी के खाते में ही उपलब्ध कराया जायेगा।

# छात्रों से इंडस्ट्री की काफी अपेक्षा –प्रो. कुशेन्द्र मिश्रा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में दीक्षोत्सव के अंतर्गत सोमवार को प्रबंधा अध्ययन संकाय द्वारा एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस



अवसर पर इमर्जिंग ट्रेंड्स इन बिजनेस रिसर्च विषय पर बतौर मुख्य वक्ता भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय लखनऊ के प्रबंध अध्ययन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर कुशेन्द्र मिश्रा ने कहा कि आज इंडस्ट्री की अपेक्षाएं छात्रों से बढ़ी है इसलिए छात्रों को इस बदलते परिवेश में अपने आप को नए–नए विषयों एवं तकनीक से अद्यतन रहने की आवश्यकता है। छात्रों को परंपरागत ज्ञान के अलावा शोध आधारित ज्ञान को बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने शोध को रुचिकर बनाने के लिए शोध के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डाला तथा बताया शोध में नवाचार की अहम भूमिका होती है। कहा कि शोध के कई तरीके हैं परंतु आज शोध केस स्टडी के माध्यम से किया जाना ज्यादा सार्थक साबित हो रहा है। स्वागत भाषण प्रोफेसर अविनाश पथार्डीकर ने किया। प्रबंध संकाय के संकाय अध्यक्ष प्रोफेसर अजय द्विवेदी ने शोध के महत्व पर प्रकाश डाला। धन्यवाद ज्ञापन डॉ आशुतोष कुमार सिंह ने और संचालन रिचा पांडे ने किया। इस मौके पर प्रो. मुराद अली, डॉ आलोक गुप्ता, डॉ रसिकेश, डॉ राजेश कुमार, सुशील कुमार, मो. अबू सालेह, राकेश उपाध्याय, अनुपम कुमार, शैफुल हक,

# महिलाएं होती हैं घर की मुखिया – प्रो. निर्मला एस. मौर्य

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के विश्वशरैया हाल में सोमवार को दीक्षोत्सव के परिप्रेक्ष्य में महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय




द्वारा गोद लिए गए चार गांव की महिलाओं को सम्मानित किया गया। इसमे बतौर मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि महिलाएं घर की मुखिया होती है। उन्होंने कहाँ कि महिलाओं का जितना सम्मान किया जाए कम है। घर और समाज में महिलाओं की दोहरी जिम्मेदारी होती है घर सम्भालना और खेती भी देखना। उन्होंने कहा कि जिस परिवार में नारी का सम्मान होता है वहां ईश्वर निवास करते हैं, जिस घर मे गृहिणी नहीं रहती उस घर का सम्मान न तो आसपास के लोग करते हैं न ही उनका समाज। उन्होंने अम्मा कोचिंग चलाने का भी निर्णय लिया। इसके तहत मां को भी साक्षर बनाया जाएगा। स्वागत प्रो रवि प्रकाश ने किया। इसके पूर्व पेंटिंग और क्राफ्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका विषय था जी–20 एक परिवार एक भविष्य की ओर, नवीकरण ऊर्जा सूत्रों के बारे में जन जागरूकता, राष्ट्र निर्माण में नई शिक्षा नीति 2020 की भूमिका। इसके निर्णायक मंडल में डा. शैलेश प्रजापति और डा. पीसी यादव थे। इस अवकार्यक्रम संचालन डॉ. विनय वर्मा ने और धन्यवाद ज्ञापन डॉ अनु त्यागी ने किया। इस मौके पर कुलसचिव महेंद्र कुमार, प्रो. वंदना राय, प्रो. प्रदीप कुमार, डॉ सुशील कुमार, डॉ आलोक मुखर्जी, प्रो. रजनीश भाष्कर आदि मौजूद रहे।

# दवा की मात्रा का ज्ञान फार्मासिस्ट को ही –डा. आलोक मुखर्जी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के विश्वशरैया हाल में फार्मेसी संस्थान के तत्वावधान में एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसका विषय रीसेंट यूटिलाइजेशन ऑफ




फार्माकोग्नॉसी इन करंट सिनेरियो फार फार्मासिटिकल इंडस्ट्री था। इस व्याख्यान में बतौर मुख्य वक्ता डॉ आलोक मुखर्जी ने कहा कि रोगी को दवा कब, क्यों और कैसे देना है वह एक फार्मासिस्ट ही समझता है। एक फार्मासिस्ट को दवा को कब लेना है कैसे लेना है और क्यों लेना है उसका सही ज्ञान होना आवश्यक है। आधुनिक अंग्रेजी के दवाओं के साथ–साथ प्राकृतिक दवाओं का भी अपना अलग महत्व है जो आज के समय में डॉक्टर द्वारा सुझाया जाता है। उन्होंने कहा कि अगर किसी दवा का प्रभाव है तो उसका दुष्प्रभाव भी है। उन्होंने हर्बल दवाओं की उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डाला। व्याख्यान का संचालन और अतिथि परिचय डॉ विनय वर्मा ने किया। धन्यवाद ज्ञापन राजीव कुमार ने किया। इस मौके पर फार्मेसी विभाग के छात्र उपस्थित रहे।

# पुलिस मुठभेड़ में 25 हजार का इनामिया गो तस्कर गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : शाहगंज व खेतासराय पुलिस की संयुक्त टीम के साथ हुई पुलिस मुठभेड़ में अन्तर्जनपदीय,वांछित, 25 हजार का ईनामिया, हिस्ट्रीशीटर व शातिर गो–तस्कर मो0 अब्दुल सलाम उर्फ बिल्लर घायल/गिरफ्तार, पैर में लगी गोली। कब्जे से अवैध तमंचा, कारतूस व चोरी की मोटरसाईकिल बरामद डां अजय पाल शर्मा, पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) जौनपुर के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी शाहगंज के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक शाहगंज, थानाध्यक्ष खेतासराय की संयुक्त टीम द्वारा आज दिनांक 21.02.2023 की रात्रि लगभग 02.35 बजे ग्राम अरंद के नहर के पास चेकिंग की जा रही थी कि खेतासराय से अरंद होते हुए अरनौला आजमगढ़ की तरफ गो–तस्करों की जाने की सूचना मुखबीर द्वारा प्राप्त हुई। इस सूचना पर पुलिस टीम द्वारा गो–तस्करों की गिरफ्तारी हेतु चेकिंग की जाने लगी तभी एक मोटरसाइकिल से एक व्यक्ति आते हुए दिखाई दिया जिसे पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया लेकिन बदमाश पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर करके भागने लगा। बदमाश द्वारा किये गये फायर में एक बुलेट प्र0नि0 शाहगंज के बुलेट प्रुफ जैकेट पर लगी। मुठभेड़ में प्र0नि0 शाहगंज द्वारा आत्मसुरक्षार्थ चलाई गयी गोली बदमाश दाहिने पैर में लगी। व बदमाश घायल होकर गिर पड़ा जिसे गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में पता चला की उक्त बदमाश अन्तर्जनपदीय वांछित 25 हजार ईनामिया व हिस्ट्रीशीटर शातिर गो–तस्कर मो0 अब्दुल सलाम उर्फ बिल्लर पुत्र मुस्लिम निवासी रानीमऊ थाना खेतासराय जनपद जौनपुर है। घायल बदमाश मो0 अब्दुल सलाम उर्फ बिल्लर पुत्र मुस्लिम उपरोक्त के कब्जे से एक देशी तमंचा .315 बोर, 01 खोखा कारतूस .315 बोर एवं एक चोरी की मोटरसाईकिल बरामद हुई । घायल गो–तस्कर उपरोक्त को प्राथमिक उपचार हेतु तत्काल राजकीय पुरूष चिकित्सालय शाहगंज भेजा गया, जहा से रेफर करने के उपरान्त जिला चिकित्सालय जौनपुर भेजा गया । अभियुक्त मो0 अब्दुल सलाम उर्फ बिल्लर उपरोक्त के विरूद्ध नियमानुसार अभियोग पंजीकृत करते हुए अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्त की गिरफ्तारी से इस प्रकार के अपराधों पर अंकुश लगेगा । गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता 1. मो0 अब्दुल सलाम उर्फ बिल्लर पुत्र मुस्लिम निवासी रानीमऊ थाना खेतासराय जनपद जौनपुर। बरामदगी का विवरण 1.एक देशी तमंचा .315 बोर 2.एक खोखा कारतूस .315 बोर 3.एक चोरी की मोटरसाईकिल स्प्लेन्डर प्लस अभियुक्त का आपराधिक इतिहास– 1.मु0अ0सं0 525/2011 धारा 379 भादवि व धारा 10 वन संरक्षण अधिनियम थाना खेतासराय जौनपुर 2.मु0अ0सं0 126/2016 धारा 3/5ए/8 उ0प्र0 गोवध निवारण अधि0, धारा 11 पशु क्रुरता निवारण अधिनियम थाना खुटहन जनपद जौनपुर 3.मु0अ0सं0 37/2021 धारा 3(1) उ0प्र0 गैंगेस्टर एक्ट थाना खेतासराय जनपद जौनपुर 4.मु0अ0सं0 58/2022 धारा 3/5ए/8 उ0प्र0 गोवध निवारण अधिनियम थाना खेतासराय



जनपद जौनपुर 5.मु0अ0सं0 66/2022 धारा 420/467/468/471/120बी भादवि व धारा 3/5ए/8 उ0प्र0 गोवध निवारण अधि0, धारा 11 पशु क्रुरता निवारण अधिनियम थाना खेतासराय जनपद जौनपुर 6.मु0अ0सं0 74/2022 धारा 147/323/427/504 भादवि थाना खेतासराय जनपद जौनपुर 7. मु0अ0सं0 93/2021 धारा 406 भादवि थाना खेतासराय जनपद जौनपुर 8. मु0अ0सं0 117/2016 धारा 147/323/336/504/506 भादवि व 31ए क्रिमिनल लॉ (अमेन्डमेंट) अधिनियम थाना खेतासराय जनपद जौनपुर 9. मु0अ0सं0 151/2020 धारा 3/5ए/8 उ0प्र0 गोवध निवारण अधि0, धारा 11 पशु क्रुरता निवारण अधिनियम थाना खेतासराय जनपद जौनपुर 10. मु0अ0सं0 531/2017 धारा 147/148/149/307/323/352/506 भादवि व धारा 7 दण्डविधि संशोधन अधिनियम थाना खेतासराय जनपद जौनपुर 11.मु0अ0सं0 968/2016 धारा 147/323/504/506 भादवि थाना खेतासराय जनपद जौनपुर 12. मु0अ0सं0 1871/2017 धारा 419/420/467/468/471 भादवि व धारा 3/5/8 उ0प्र0 गोवध निवारण अधि0, धारा 11 पशु क्रुरता निवारण अधिनियम थाना खेतासराय जनपद जौनपुर 13. मु0अ0सं0 005/2018 धारा 307/427 भादवि थाना पवारा जनपद जौनपुर 14.मु0अ0सं0 242/2017 धारा 307 भादवि, धारा 3/5ए/8 उ0प्र0 गोवध निवारण अधि0 व 11 पशु क्रुरता निवारण अधिनियम थाना मीरगंज जनपद जौनपुर 15.मु0अ0सं0 299/2022 धारा 3/5/8 उ0प्र0 गोवध निवारण अधिनियम थाना शाहगंज जनपद जौनपुर 16.मु0अ0सं0 105/2020 धारा 419/420/467/468/307/120बी/34 भादवि थाना फूलपुर आजमगढ 17.मु0अ0सं0 106/2020 धारा 34/120बी भादवि, धारा 3/5ए/8 उ0प्र0 गोवध निवारण अधिनियम व धारा 11/3 पशु क्रुरता निवारण अधिनियम थाना फूलपुर जनपद आजमगढ 18.मु0अ0सं0 170/2016 धारा 467/468 भादवि, धारा 3/5/8 उ0प्र0 गोवध निवारण अधिनियम व धारा 11 पशु क्रुरता निवारण अधिनियम थाना जयसिंहपुर जनपद सुल्तानपुर 19.मु0अ0सं0 41/2023 धारा 307 भादवि थाना शाहगंज जनपद जौनपुर 20.मु0अ0सं0 42/2023 धारा 3/25 शस्त्र अधिनियम थाना शाहगंज जनपद जौनपुर 21.मु0अ0सं0 43/2023 धारा 41/411/414 भादवि थाना शाहगंज जनपद जौनपुर गिरफ्तारी करने वाली टीम– 1.प्रभारी निरीक्षक श्री सदानन्द राय थाना शाहगंज जनपद जौनपुर मय टीम। 2.थानाध्यक्ष श्री यजुवेन्द्र कुमार सिंह थाना खेतासराय जनपद जौनपुर मय टीम।

# अस्वच्छता के बिना स्वास्थ्य की परिकल्पना करना बेनामी है –जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा

जौनपुर सू.वि. : स्वच्छता के बिना स्वास्थ्य की परिकल्पना करना बेनामी है। उक्त बाते जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने जनपद स्तरीय रसोइया पाक–कला प्रतियोगिता 2023 के अवसर और पुलिस अधीक्षक डा0 अजय पाल शर्मा ने सुरक्षा एवं पोषण से सम्बन्धित बाते कार्यालय जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान जौनपुर के प्रांगण में उद्घाटन के दौरान कही भोजन का स्वास्थ्य से सीधा सम्बन्ध है। हम सभी स्वच्छ भोजन के द्वारा ही अपने शरीर एवं मानसिक को स्वस्थ रख सकते है। हम सभी स्वस्थ भोजन के द्वारा अपने शरीर स्वच्छ रख सकते है ऐसी स्थिति में विद्यालय स्तर पर समस्त रसोईयों का महत्व भी बढ़ जाता है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 गोरखनाथ पटेल ने विस्तार से मध्याह्न भोजन योजना एवं रसोईयो का कार्य तथा दायित्व पर प्रकाश डाला एवं सभी को स्वच्छ तरीके से विद्यालयों में भोजन पकाने हेतु प्रेरित किया। उक्त प्रतियोगिता में जनपद के कुल 30 रसोइयों ने प्रतिभाग किया। जिसमें निर्णायक मण्डल डॉ0 राकेश सिंह प्राचार्य डायट, डॉ0 गोरखनाथ पटेल जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, अनिल कुमार राय, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी, श्रीमती मंजूलता कुमारी वर्मा प्रधानाचार्य, जी0जी0आई0सी0 श्रीमती सरिता कुशवाहा जी0जी0आई0सी0 जौनपुर, डॉ0 आकांक्षा सिंह सी0एच0सी0 शाहगंज, एवं अजय राय, चीफ कुक सत्यम होटल तथा जनपद के विभिन्न विद्यालयों के पॉच छात्र एवं पॉच छात्रा शामिल रहें।उक्त प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार श्रीमती प्रमिला गौड़ रसोइया, कम्पोजिट विद्यालय देवकली विकास क्षेत्र मुफ्तीगंज, द्वितीय पुरस्कार प्रमिला यादव रसोइया प्राथमिक विद्यालय चौकीपुर विकास क्षेत्र धर्मापुर तथा तृतीय पुरस्कार में अंक समान होने के कारण 02 रसोइयों श्रीमती शीला देवी रसोइया प्राथमिक विद्यालय फतेहगंज प्रथम विकास क्षेत्र सिकरारा एवं श्रीमती चिन्ता देवी रसोइया प्राथमिक विद्यालय मीरपुर विकास क्षेत्र धर्मापुर को दिया गया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय बिजेता को क्रमशः रू0–3500, रू0–2500 एवं



रू0–1500 तथा प्रमाण–पत्र वितरित किया गया। अन्य 26 रसोइयों को रू0–250 का सान्त्वना पुरस्कार तथा सभी रसोइयों को रू0–250 मार्ग व्यय कुल रू0–500 प्रति रसोइयों को दिया गया। इस अवसर गहना कोठी प्रतिष्ठान फर्म विनीत सेठ द्वारा समस्त 30 रसोइयों को एक–एक साड़ी पुरस्कार के रूप में दी गयी। इस अवसर पर जनपद के समस्त जिला समन्वयक, खण्ड शिक्षा अधिकारी, एस0आर0जी0, ए0आर0पी0 एवं कार्यालय के समस्त सहायक उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन ए0आर0पी0 शैलेश चतुर्वेदी, सहायक अध्यापिका ऋचा सिंह एवं मनीषी श्रीवास्तव द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। सभी उपस्थित अतिथियों एवं गणमान्य लोगो को जिला समन्वयक एम0डी0एम0 अरूण कुमार मौर्य द्वारा आभार ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु कम्प्यूटर आपरेटर पतिराज को धन्यवाद दिया गया।

